रयत शिक्षण संस्था का,

डॉ. पतंगराव कदम महाविद्यालय, रामानंदनगर(बुर्ली)

हिंदी विभाग

हिंदी दिवस समारोह – अहवाल

2021 – 22 दि.15 सितम्बर, 2021

रयत शिक्षण संस्था का, डॉ पतंगराव कदम महाविद्यालय रामानंदनगर (बुर्ली) इस महाविद्यालय में 15 सितंबर, 2021 को ‘हिंदी दिवस’ समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के लिए प्रमुख अतिथि डॉ. अर्जुन चव्हाण, प्रोफेसर एवं पूर्व अध्यक्ष, हिंदी विभाग, शिवाजी विश्वविद्यालय कोल्हापुर तथा अध्यक्ष, महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ एल.डी. कदम थे। समारोह का प्रारंभ रयतगीत तथा रयत शिक्षण संस्था के संस्थापक पद्मभूषण डॉ. कर्मवीर भाऊराव पाटील जी की प्रतिमा पूजन से हुआ। अतिथियों के करकमलों से कर्मवीर प्रतिमा का पूजन हुआ।

समारोह का प्रस्ताविक एवं अतिथियों का स्वागत और परिचय हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. के.बी. भोसले जी ने किया।

समारोह के प्रमुख अतिथि डॉ अर्जुन चव्हाण, प्रोफेसर एवं पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग, शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर ने अपने वक्तव्य में हिंदी भाषा के वैश्विक परिदृश्य पर प्रकाश डाला। साथी ही साथ हिंदी भाषा के महत्व को समझाते हुए उन्होंने हिंदी ही सही अर्थ में राजभाषा की अधिकारिनी है ऐसा मत प्रतिपादित किया। अनेक उदाहरणों के माध्यम से इन्होंने हिंदी के वैश्विक स्तर पर बढ़ते आलेख को उल्लेखित किया।

इस समारोह के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. एल.डी. कदम साहब ने अपने अध्यक्षीय मंतव्य में सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी और हिंदी के स्वरूप और सरलता को समझाते हुए कहा कि हर साल 14 सितंबर यह दिन पूरे भारत में हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिंदी भाषा के अध्ययन-अध्यापन से जुड़े हम सभी का कर्तव्य है कि, हम सभी हिंदी भाषा को बढावा दे और अपनी अभिव्यक्ति में अधिक-से-अधिक हिंदी भाषा का प्रयोग करें। राष्ट्रभाषा हिंदी विश्व भाषा बन सकती है। उसमें विश्व भाषा बनने की पूरी क्षमता है। सवाल यह है हिंदी से जुड़े हम लोग उस दृष्टि से कितना प्रयास करते हैं? आज हिंदी भाषा विश्व के अनेक देशों के विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जा रही है। दुनिया की अधिकतर

बोली जाने वाली भाषाओं में से हिंदी एक भाषा है । राष्ट्रभाषा हिंदी को अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गौरवशालिनी भाषा बनाने का काम हम भारतवासियों का है । आदि बातों को स्पष्ट किया।

समारोह के लिये महाविद्यालय के छात्र बडी संख्या में ऑनलाइन उपस्थित थे । समारोह का सूत्रसंचालन प्रा.यु.टी.शेडगे जी ने किया ।

लाभार्थी संख्या - 41

उपलब्धि - 1. राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रति छात्रों में रुचि बढाना ।

2.हिंदी के वैश्विक परिदृश्य पर प्रकाश डालना ।

3.हिंदी भाषा का प्रचार प्रसार करना ।

ऑनलाइन हिंदी दिवस समारोह



प्रमुख अतिथि – डॉ. अर्जुन चव्हाण,
प्रोफेसर एवं पूर्व अध्यक्ष, हिंदी विभाग,
शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर



अध्यक्ष - प्रधानाचार्य डॉ.एल.डी.कदम
डॉ. पतंगराव कदम महाविद्यालय,
रामानंदनगर(बुर्ली)

अध्यक्ष
हिंदी विभाग

प्राचार्य
डॉ.पतंगराव कदम महाविद्यालय,
रामानंदनगर(बुर्ली)